उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 07.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 07.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






## राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन महोबा में हुआ सामूहिक गायन कार्यक्रम

### पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ आयोजन

राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 07.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन महोबा में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह अमर राष्ट्रगीत भारत की एकता, अखंडता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रगीत के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रीय आयोजन को देखा तथा सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन किया।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय महोबा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रीय आयोजन को देखा तथा सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन किया गया।

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रीय आयोजन को देखा तथा सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन किया।

इसी क्रम में जनपद पुलिस के सभी थानों एवं शाखाओं में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त करना रहा। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्रहित, कानून-व्यवस्था एवं जनसेवा के प्रति उसी समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करते रहेंगे जिसकी प्रेरणा 'वन्दे मातरम्' से प्राप्त होती है।















उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 07.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ में अर्दली रूम का आयोजन एवं क्षेत्र भ्रमण

आज दिनांक 07.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ की उपस्थिति में थाना कुलपहाड़ परिसर में अर्दली रूम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्किल कुलपहाड़ के अंतर्गत आने वाले सभी थानों के थाना प्रभारियों एवं विवेचकों की उपस्थिति में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई।
अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रत्येक विवेचना की प्रगति का विस्तृत अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवेचक यह सुनिश्चित करें कि विवेचनाओं के निस्तारण में देरी न हो तथा जांच में पारदर्शिता एवं साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे।

इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रचलित अभियानों — यातायात माह, साइबर जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति अभियान 5.0 — के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी ढंग से आयोजित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

अर्दली रूम उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों, चौराहों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थलों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

उन्होंने आमजन से संवाद कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा थाना प्रभारी कुलपहाड़ को नियमित रूप से संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग, पैदल गश्त एवं प्रभावी रात्रि गश्त कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलती है, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी सुदृढ़ होती है।
कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सहित संबंधित थाना प्रभारी एवं विवेचकगण उपस्थित रहे।

